भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1321
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पहलगाम हमले के बाद जम्मू और कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देना**

**†1321. श्री असादुद्दीन ओवैसीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, पर्यटन के व्यस्ततम मौसम के दौरान जम्मू और कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में कमी और कारोबार में हुए नुकसान से अवगत है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या सरकार द्वारा स्थानीय पर्यटन-आश्रित हितधारकों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का आकलन किया गया है; और

(ग) उक्त घटना के बाद, सरकार द्वारा पर्यटकों का विश्वास बहाल करने और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए/किए जा रहे विशिष्ट उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्रा संबंधी आंकड़े राज्य पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग से प्राप्त नवीनतम जानकारी के आधार पर, जम्मू और कश्मीर में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **डीटीवी** | **एफ़टीवी** |
|---|---|---|
| 2020 | 25,19,524 | 5,317 |
| 2021 | 1,13,14,920 | 1,650 |
| 2022 | 1,84,99,332 | 19,985 |
| 2023 | 2,06,79,336 | 55,337 |
| 2024 | 2,35,24,629 | 65,452 |
| 2025 (जनवरी से जून तक) | 95,92,664 | 19,570 |

स्रोत: जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग

पर्यटन मंत्रालय द्वारा जम्मू और कश्मीर में पर्यटन-आश्रित स्थानीय हितधारकों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का कोई आकलन नहीं किया गया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर सहित देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं/पहलें शुरू की हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

- पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- पर्यटन मंत्रालय अपने विभिन्न अभियानों और आयोजनों के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है। इनमें से कुछ पहलें देखो अपना देश अभियान, चलो इंडिया अभियान, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट और भारत पर्व हैं।
- अतुल्य भारत कंटेंट हब का शुभारंभ किया गया, जो एक व्यापक डिजिटल संग्रह है जिसमें भारत में पर्यटन से संबंधित उच्च-गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का समृद्ध संग्रह है। www.incredibleindia.org वेबसाइट और मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाता है।
- अन्य विशिष्ट विषयों के साथ-साथ थीमेटिक पर्यटन जैसे निरोगता पर्यटन, पाक-कला पर्यटन, ग्रामीण, पारिस्थितिकी पर्यटन आदि को बढ़ावा दिया जाता है ताकि अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन का विस्तार किया जा सके।
- क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर केंद्रित पहलें जैसेकि 'सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण', 'अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता' (आईआईटीएफ), 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' के माध्यम से समग्र गुणवत्ता और आगंतुक अनुभव को बढ़ाना।

********